हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 35 .2 डिग्री से.
न्यूनतम 18 .0 डिग्री से.

12 17% से कम नमी वाली धान को तुरंत खरीदें अधिकारी ...



12 खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दिलवाना प्रशासन की ..



खबर संक्षेप

कुवि के 14 शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 14 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। घोषित किए गए शोधार्थियों में मैनेजमेंट विभाग से प्रीति गुप्ता, संगीत विभाग से हरप्रीत कौर व तनु चौधरी, विधि से अंजलि व चांदरूप, पर्यावरण विज्ञान से अभिषेक शर्मा, शिवानी सांगवान व नीतू यादव, बायोटेक्नोलॉजी से नंदिनी सिंहमार व रक्षंदा सिंह, केमिस्ट्री से अमिषा, कंप्यूटर साइंस से पूजा चौधरी, ज्योग्राफी विभाग से नेहा खजूरिया तथा इतिहास विभाग से दीपक देश प्रेम सिंह सिंह शामिल हैं।

स्टांप पेपर खरीदने के नाम पर 4.25 लाख ठगे

यमुनानगर। प्लाट की रजिस्ट्री करवाने के लिए स्टांप पेपर खरीदने के नाम पर एक व्यक्ति से 4.25 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सूचित ने हुड्डा सेक्टर-17 थाने में शिकायत दी। उसने बताया कि वह तहसील परिसर में कार्य करता है। छह जुलाई को जगाधरी तहसील में उसकी मुलाकात प्रवीण कुमार से हुई। प्रवीण ने प्लाट की रजिस्ट्री करवाने की बात कहते हुए स्टांप पेपर खरीदने के लिए उससे 4.25 लाख रुपये ले लिए। बाद में पैसे मांगने पर आरोपी ने लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने प्रवीण कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

टावर से 80 हजार के टीआरएक्स कार्ड चोरी

यमुनानगर। गांव महायुदीनपुर स्थित मोबाइल टावर से चोरों ने टीआरएक्स कार्ड चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खेड़ी रांगड़ान निवासी राव कासिम ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव महायुदीनपुर में वोडाफोन कंपनी का टावर लगा हुआ है। वह मोबाइल टावर पर नौकरी करता है। 11 सितंबर को जब वह ड्यूटी पर आए तो उसे टावर से कंपनी का टीआरएक्स कार्ड गायब मिला। जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये है। उसने इस बारे कंपनी के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

इमारत हादसे में आरोपियों की गिरफ्तारी पर 6 तक रोक

अंबाला। धूलकोट गांव में निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत गिरने से छह मजदूरों की मौत के मामले में प्रॉपर्टी कारोबारी हरदीप सिंह जग्गी समेत आरोपियों को अदालत से राहत मिली है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हितेश गर्ग की अदालत ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 6 अक्टूबर तक रोक लगा दी है। अदालत ने अभियोजन पक्ष से मामले में शामिल अन्य आरोपियों की जमानत स्थिति और पहले कहीं जमानत याचिका दायर होने की जानकारी मांगी है। 27 सितंबर को वीटा कॉलोनी में निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा गिरने से छह मजदूरों की मौत और करीब एक दर्जन मजदूर घायल हुए थे।

सुनार की दुकान से 20 लाख के जेवर चोरी

पानीपत। थाना औद्योगिक क्षेत्र हुडा सेक्टर-29 के गांव सिवाह में चोरों ने सुनार की दुकान का ताला खोलकर करीब 20 लाख रुपये कीमत के सोने, चांदी और आर्टिफिशियल गहने चोरी कर लिए। दुकान संचालक हरिकिशन ने बताया कि उनकी दुकान घर के साथ ही है। चोरी का पता चलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सहायक पुलिस अधीक्षक हर्षित गोयल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेत में खून से लथपथ मिला 55 वर्षीय व्यक्ति का शव, सिर पर चोट के निशान

जेब में 50 हजार मिले, दोस्त को डेढ़ लाख लेने की बात बताई थी

- जयधरी गांव के पास खेत में पड़ा मिला विजय नगर निवासी इरफान का शव
- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी सिविल अस्पताल में मृतक के परिजन। फोटो: हरिभूमि

छछरौली थाना क्षेत्र के गांव जयधरी के पास जगाधरी की विजय नगर कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय इरफान का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। मृतक की जेब से 50 हजार रुपये भी बरामद हुए है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जयधर निवासी मोहित ने बताया कि बुधवार सुबह गांव के कुछ लोग श्मशान घाट की तरफ खेतों में घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में पड़ने वाले एक खेत में सफेद कपड़ों में एक व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो उसके सिर पर गहरी चोट लगी हुई थी और चेहरा खून से सना हुआ था। ग्रामीणों ने तुरंत अन्य लोगों को सूचना दी और डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी। शव के पास जाकर देखने पर पता चला कि व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। इसके बाद काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की जेब से 50 हजार रुपये बरामद हुए। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर जगाधरी के सिविल अस्पताल लेकर पहुंची। जहां पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान जगाधरी की विजय नगर कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय इरफान के रूप में हुई। इरफान ऱ्इंट भट्ठों पर मिट्टी सप्लाई का ठेका लेता था। मृतक के बेटे गुलजार ने बताया कि उनके पिता कल सुबह घर से निकले थे लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटे। आज सुबह उन्हें मोबाइल पर पिता के शव की फोटो मिली। जिसके बाद वह अस्पताल पहुंचे।

जुटाए जा रहे हैं साक्ष्य

सूचना मिलते ही पुलिस टीमें मौके पर पहुंची थीं। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शव को देखकर लग रहा है कि व्यक्ति की हत्या यहीं की गई है। उसके सिर पर चोट के गहरे निशान हैं और जेब से 50 हजार रुपए कैश भी मिला है। शव को कब्जे में ले लिया गया है। -वेदपाल छछरौली थाना प्रभारी

प्लाट देखने के बाद छछरौली में ही उतार दिया

मृतक इरफान के दोस्त राकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को इरफान उसके साथ ही था। दोनों को प्लॉट देखने के लिए पांवटा साहिब जाना था। दोपहर करीब ढाई बजे इरफान ने कहा कि उसे किसी से पैसे लेने हैं और कुछ काम भी है। इसके बाद शाम करीब चार बजे वह फिर इरफान बाइक से उसके घर आया। इसके बाद दोनों कार से पांवटा साहिब गए और प्लॉट देखने के बाद वापस लौट आए। राकेश ने बताया कि रात को इरफान ने उससे कहा कि उसे किसी से डेढ़ लाख रुपए लेने हैं इसलिए उसे छछरौली में ही उतार दे। इरफान ने कहा था कि वह व्यक्ति वहीं पैसे देने आएगा और उसने उसे काफी परेशान किया हुआ है। रात को इरफान बाइक लेने नहीं आया। उसने फोन पर कॉल की लेकिन उसका मोबाइल बंद था।

ई-रिक्शा से नीचे गिरने पर युवक की संदिग्ध मौत

- परिजनों ने की हादसे की गंभीरता से जांच की मांग

यमुनानगर। घर से दूध लेने के लिए निकले एक युवक की संदिग्ध हालत में ई.रिक्शा से नीचे गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले में जांच शुरु कर दी। मृतक के परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए उसकी जांच किए जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक ग्रीन विहार निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके पास चार बच्चे हैं। जिनमें तीन लड़के और एक लड़की है। उसने बताया कि उसका बेटा विकास उर्फ अंग्रेज(22) प्लाइवुड फैक्टरी में काम करता है। गत मंगलवार देर शाम उसका बेटा विकास घर से दूध लेने के लिए निकला था। मगर वह रात भर घर वापस नहीं आया। सुबह के वक्त उन्हें किसी ने सूचना दी कि उनके बेटे विकास की गांव परवालो के पास ई.रिक्शा से नीचे गिरने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि विकास के सिर पर गहरी चोटों के निशान थे। उन्हें बताया कि सिर पर इतनी गहरी चोटों के निशान ई.रिक्शा से नीचे गिरने पर नहीं हो सकते हैं। उन्हें मामला संदिग्ध लग रहा है। उन्होंने पुलिस से मामले में गंभीरता से जांच किए जाने की मांग की। बहरहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले में जांच शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जांच में जो सामने आएगा कार्रवाई की जाएगी।



कुरुक्षेत्र। बिल्डिंग में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। फोटो: हरिभूमि

कुवि थर्ड गेट के सामने तीन मंजिला बिल्डिंग में आग

- सामान जलकर राख, बाहर खड़ी कार और कई स्कूटियां भी चपेट में आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के थर्ड गेट के सामने बुधवार दोपहर एक तीन मंजिला बिल्डिंग में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयंकर थी कि बिल्डिंग में रखा सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। वहीं, बाहर खड़ी एक कार और कई स्कूटियां भी आग की चपेट में आ गईं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के समय अचानक बिल्डिंग से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तीनों मंजिलों तक फैल गई। आग की लपटें बाहर निकलने लगीं और आसपास की दुकानों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया। इससे दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। लोग अपनी दुकानों और वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर हटाने में जुट गए। शांति नगर निवासी हरिंद्र सिंह ने बताया कि उनका रियल एस्टेट और पब्लिकेशन का काम है और थर्ड गेट के सामने स्थित तीन मंजिला बिल्डिंग में उनका कार्यालय चलता है। बुधवार दोपहर वह अपने स्टाफ के साथ खाना खाने गए हुए थे। इसी दौरान उन्हें बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी।

एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

सदमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तीसरी मंजिल से धुआं निकलने पर शटर तोड़कर आग के बचे हिस्सों को बुझाया गया। तीनों मंजिलों में रखा सामान जलकर राख हो गया। बिल्डिंग और सामान को भारी नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

रिकॉर्ड रूम में फंदे पर मिला मंडी सचिव के चालक का शव

पत्नी ने मंडी सचिव पर लगाया परेशान करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मार्केट कमेटी सचिव के चालक 50 वर्षीय रोहताश शर्मा का शव बुधवार को मार्केट कमेटी कार्यालय के बेसमेंट स्थित रिकॉर्ड रूम में फंदे पर लटका मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों के आरोपों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। रोहताश मूल रूप से चौचड़ा गांव के रहने वाले थे और पिछले कुछ समय से मंगल कॉलोनी पार्ट-2 में परिवार के साथ रह रहे थे। परिजन मंगलवार से उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे थे। मोबाइल की लोकेशन के आधार पर उनकी तलाश की गई तो वह मंडी कार्यालय में मिले। सिटी थाना पुलिस के जांच अधिकारी हिम्मत सिंह के अनुसार, बेसमेंट स्थित रिकॉर्ड रूम के दोनों दरवाजे अंदर से बंद मिले। दरवाजा खुलवाकर देखा गया तो रोहताश का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। रोहताश की पत्नी नीतू ने मंडी सचिव पर पति को परेशान करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि रोहताश ने दो दिन पहले भी मंडी सचिव की ओर से परेशानी की बात बताई थी। परिजनों के मुताबिक रोहताश करीब 25 से 27 वर्षों से चालक के तौर पर कार्यरत थे। नीतू ने ड्यूटी बदलने और अतिरिक्त काम दिए जाने से पति के परेशान रहने की बात भी कही है।

विवाहिता का शव चिता से उठा लाई पुलिस

- मायके वालों ने दी थी जहर देकर हत्या करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन 20 वर्षीय पूनम पत्नी विश्वास व उर्फ विशु निवासी सांई कालोनी, उझा रोड, पानीपत की मौत हो गई। पति विश्वास अपने परिजनों के साथ पूनम का शव घर ले आया और अंत्येष्टि के लिए पूनम के पार्थिव शरीर को शमशान भूमि ले गया। इधर, पूनम का भाई अपने परिजनों के साथ पुलिस को लेकर शमशान भूमि पहुंचा और आरोप लगाया कि पूजन को जहर देकर मारा गया है। पुलिस ने पूनम के शव को अपने कब्जे में लिए और पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। चांदनीबाग थाने से जांचाधिकारी चंद्रपाल ने बताया कि पूनम की मौत के सही कारण जानने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। वहीं, पूनम ने दो साल पहले विश्वास के साथ प्रेम विवाह किया था। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पानीपत में युवक ने आत्महत्या की

पानीपत। पानीपत में बुधवार दोपहर को कुटानी रोड निवासी 21 वर्षीय सन्नी ने अपने घर पर फंदे पर लटक कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर थाना किला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी जांचा करवाई। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने सन्नी के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। वहीं, पुलिस ने सन्नी की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

गेट पास नहीं कटने से थानेसर अनाज मंडी में किसानों में रोष

पोर्टल वेरिफिकेशन की समस्या किसान आमरण अनशन पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू होते ही पोर्टल पर फसल वेरिफिकेशन की समस्या किसानों के लिए परेशानी बन गई है। वेरिफिकेशन नहीं होने से गेट पास जारी नहीं हो पा रहे हैं। इससे किसानों में रोष बढ़ रहा है। समस्या के विरोध में बुधवार को कैंथला खुर्द के पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह मार्केट कमेटी थानेसर कार्यालय के बाहर आमरण अनशन पर बैठ गए। उन्होंने बताया कि उनकी करीब 10 एकड़ धान की फसल 10 दिन से मंडी में पड़ी है। 25-26 सितंबर से गेट पास के लिए वह मंडी और कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन पोर्टल पर वेरिफिकेशन नहीं दिख रहा। अधिकारियों से कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हुआ। अल्टीमेटम के बाद भी समस्या दूर नहीं होने पर उन्होंने अनशन शुरू किया।

पिछले सीजन की आढ़त नहीं मिली, दूसरे दिन भी हड़ताल

इंद्री। पिछले धान सीजन की आढ़त का भुगतान नहीं होने से नाराज इंद्री अनाज मंडी के आढ़तियों ने दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रखी। आढ़तियों ने मंडी में कामकाज बंद रखा, जिसके चलते बुधवार को धान की सरकारी खरीद नहीं हो सकी। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुमेर चंद कांबोज ने बताया कि पिछले सीजन की आढ़त का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इस संबंध में अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जब तक बकाया आढ़त का भुगतान नहीं होता, हड़ताल जारी रहेगी। मार्केट कमेटी चेयरमैन महिंद्र पंजोखरा ने बताया कि कुछ आढ़तियों की आढ़त बकाया है और भुगतान करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सीएम नायब सैनी की मौजूदगी में कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किए हस्ताक्षर

शोधार्थियों को मिलेंगी उच्च स्तरीय शोध सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन

कुवि और एसजेएचआईएफएम के बीच हुआ एमओयू, बनेगा डॉक्टोरल रिसर्च सेंटर

- सीएम ने कुवि के कुलगुरु प्रो. सोम नाथ सचदेवा को बधाई दी और शोध एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस पहल को महत्वपूर्ण बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शोध एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को विस्तार देते हुए स्वर्ण जयंती हरियाणा इंस्टिट्यूट फॉर फिस्कल मैनेजमेंट (एसजेएचआईएफएम), पंचकूला के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया। चंडीगढ़ स्थित होटल माउंटव्यू में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का प्रमुख उद्देश्य डॉक्टोरल रिसर्च सेंटर की स्थापना करना है। इसके माध्यम से शोधार्थियों को उच्च स्तरीय शोध सुविधाएं, विशेषज्ञ मार्गदर्शन तथा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए बेहतर अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। यह पहल शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में संस्थागत सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ उच्च शिक्षा में नए अवसरों के सृजन में सहायक होगी। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोम नाथ सचदेवा को बधाई दी और शोध एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शोध, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता को निरंतर बढ़ावा दे रहा है। एसजेएचआईएफएम के साथ यह समझौता विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि डॉक्टोरल रिसर्च सेंटर की स्थापना से शोधार्थियों को बेहतर शोध वातावरण और विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलेगा तथा दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान एवं शोध के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि शोध को समाज और प्रदेश की विकास आवश्यकताओं से जोड़ा जाए। इस अवसर पर ओएसडी राज नेहरू सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

शाहाबाद की बेटी नवनीत कौर के प्रदर्शन से बढ़ा क्षेत्र का गौरव



- चेयरमैन सुभाष कलसाना ने नवनीत कौर के घर पहुंच कर परिजनो को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहाबाद

एशियन गेम्स-2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्वर्ण पदक के लिए भारतीय टीम का मुकाबला 2 अक्टूबर को चीन से होगा। शाहाबाद की खिलाड़ी नवनीत कौर भी टीम के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभा रही हैं। टूर्नामेंट में वह अब तक करीब 10 गोल कर चुकी हैं। नवनीत कौर पद्मश्री से सम्मानित कोच बलदेव सिंह की छात्रा रही हैं। टीम के फाइनल में पहुंचने पर हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना उनके घर पहुंचे और पिता बूटा सिंह, माता बलविंदर कौर व भाई युवराज सिंह को बधाई दी। उन्होंने नवनीत के प्रदर्शन की सराहना करते हुए फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले 1982 में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था।

खबर संक्षेप

प्रगति योजना में शामिल हुआ करनाल, होगा विकास



करनाल। भारत सरकार की प्रगति योजना से जुड़ी 50 शहरों की सूची में हरियाणा के करनाल, गुरुग्राम और फरीदाबाद को शामिल किया गया है। योजना के तहत महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा, विभागों के बीच समन्वय और कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन किया जाता है। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने कहा कि करनाल का सूची में शामिल होना विकास कार्यों की निगरानी और गति बढ़ाने का अवसर है।

मधुमक्खी पालकों को बीमा योजना में मिली जगह

करनाल। हरियाणा सरकार ने मधुमक्खी पालकों को राहत देते हुए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के दायरे में मधुमक्खी पालन को भी शामिल किया है। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि योजना में बाढ़, आग, हरियाणा की सीमा में परिवहन के दौरान दुर्घटना और सक्षम प्राधिकारी द्वारा घोषित महामारी से होने वाला नुकसान शामिल है। एक पालक अधिकतम 250 मधुमक्खी कॉलोनियों और 250 बी-बॉक्स के लिए पात्र होगा। प्रत्येक कॉलोनी और बी-बॉक्स की बीमित राशि 1,250 रुपये निर्धारित है। इस तरह अधिकतम 6.25 लाख रुपये का बीमा कवर मिलेगा।

पेंशन संबंधी मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

सेवानिवृत्त कर्मियों को 8वें वेतन की सिफारिशों का लाभ देने की मांग

12 दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित रैली में बड़ी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते रिटायर्ड कर्मचारी।



करनाल। नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा जिला करनाल की ओर से अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फैडरेशन एवं रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में 24 घंटे का पड़ाव लगाया गया। 29 और 30 सितंबर को आयोजित पड़ाव में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त महिला एवं पुरुष कर्मचारियों ने भाग लिया। पड़ाव की अध्यक्षता जिला प्रधान बलराज सिंह ने की और संचालन ओम प्रकाश सिहमार ने किया।

जिला सचिव ओम प्रकाश सिहमार ने बताया कि 29 सितंबर को सुबह 10 बजे से सेवानिवृत्त कर्मचारी फव्वारा पार्क में जुटने शुरू हुए। कर्मचारियों ने दिनभर नारेबाजी करते हुए सरकार के समक्ष अपनी मांगें रखीं। 30 सितंबर को कर्मचारी फव्वारा पार्क से नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय नई समस्याएं खड़ी की जा रही हैं। उन्होंने कथित वैधानिक प्रावधानों के माध्यम से पेंशन पर पड़ने वाले प्रभाव का विरोध किया और कहा कि पेंशन बंद करने की किसी भी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला प्रधान बलराज सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ दिया जाना चाहिए। राज्य उप महासचिव कृष्ण शर्मा और सचिव किरपाल सिंह ने कहा कि मांगों का समय रहते समाधान नहीं हुआ तो 12 दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित रैली में बड़ी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी भाग लेंगे।इस अवसर पर पार्वती तनेजा, राजवंती शारदा, रोशनी, रेशमा, बिजनेश, सुल्तान सिंह, विनोद मंगलोरा, नित्यानंद, सुरेंद्र रावत, जगपाल, सेवा राम, कर्मबीर शर्मा, विजयपाल, रोशन गुप्ता, तेलूराम, महेंद्रमान, राम निवास, राजपाल, सुरेंद्र पाल आदि मोजूद

निगम कार्यालय पर सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन, वेतन जारी करने की मांग

करनाल। नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई करनाल के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता राजकुमार ने की, जबकि सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने भी इसमें भाग लिया। कर्मचारियों ने सरकार और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लंबित वेतन जारी करने की मांग उठाई। राजकुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार के साथ समझौता होने के बाद वेतन सहित अन्य मांगों से संबंधित पत्र जारी हो चुके हैं, लेकिन करीब 20 दिन बीतने के बावजूद कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मचारियों के परिवारों के सामने आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है। प्रदर्शनकारियों ने सफाई कर्मचारियों को मूल ड्यूटी से अलग कार्य सौंपने, दरोगाओं से भी उनकी निर्धारित जिम्मेदारियों के अलावा अन्य कार्य लेने तथा निगम प्रशासन द्वारा अतिरिक्त काम का बोझ डालने का मुद्दा उठाया। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा।इस अवसर पर जिला प्रधान सुभाष, शारदा, राम सिंह, रवि, राजीव, शुभम, सुरेंद्र पांचाल, मीना, सरोज रानी और रमेश सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कर्मचारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

मंत्री ने धान खरीद व्यवस्था का लिया जायजा



करनाल। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य एवं डेयरी विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार देर रात करनाल अनाज मंडी पहुंचकर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीद कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए और किसानों को मंडी में परेशानी नहीं आने दी जाए। मंत्री ने गेट पास और बायोमेट्रिक व्यवस्था की जांच के साथ मंडी में सफाई, पेयजल, शौचालय और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल को समय पर खरीद, उठान और भुगतान सरकार की प्राथमिकता है। खरीद एजेंसियां आपसी समन्वय से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करें। श्याम सिंह राणा ने आढ़तियों, व्यापारियों और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि इस बार व्यवस्था में बदलाव किया गया है। किसान के मंडी पहुंचने के बाद ही गेट पास जारी होगा, घर बैठे गेट पास नहीं कट सकेगा।

किसानों को कोई दिक्कत नहीं आने देंगे: कबीरपंथी



तरावड़ी। आज स्थानीय मार्केट कमेटी में स्थानीय विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने आढ़तियों एवं किसानों तथा अधिकारियों के साथ बैठक करके अनाज मंडी सरकारी धान खरीद की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान को धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पढ़े। कबीरपंथी के मार्केट कमेटी पहुंचने पर चेयरमैन शिव नाथ कपूर एवं उपचेयरमैन मलखान सिंह ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया। कबीरपंथी ने आज सांय मंडी में पहुंचकर धान की बोली किसानों को लड्डू खिलाकर शुरुआत भी की। कबीरवंथी विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की फसल 2461 रुपये पर ही खरीदेगी, लेकिन किसान 17 प्रतिशत नमी की अपनी फसल को लेकर ही मंडी में आएं। इस अवसर पर मलखान सिंह सहित बलबीर शर्मा, बिशंबर वर्मा, तरुण महेन्द्रु, नरेश चुघ, वीरेंद्र मलिक, विनोद कुमार, राकेश गुप्ता, जगदीश वर्मा, बाबा मुकेश भारती, मान सिंह बरसालू सहित काफी संख्या में आढती व किसान उपस्थित थे।



उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा परखी

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार को मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों और अन्य इंतजामों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने वेयरहाउस के अंदर और बाहर की सुरक्षा, सीसीटीवी की कार्यप्रणाली, आगंतुक पंजिका और आपातकालीन सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और तकनीकी उपकरणों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



मधुबन में संजीव कुमार जैन को सेवानिवृत्ति पर विदाई

करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के नेताजी सुभाष चंद्र बोस दीक्षांत परेड स्थल पर हरियाणा मानव अधिकार आयोग के पुलिस महानिदेशक संजीव कुमार जैन की सेवानिवृत्ति पर विदाई परेड आयोजित की गई। आठ सशस्त्र टुकड़ियों ने उन्हें सलामी दी। 35 वर्ष से अधिक के सेवाकाल के बाद जैन 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए। जैन ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। उन्होंने कहा कि इसी परेड मैदान से उन्होंने प्रशिक्षु के रूप में हरियाणा पुलिस में सेवाकाल शुरू किया था। उन्होंने अकादमी में दिए जा रहे प्रशिक्षण की सराहना की और अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार जताया।



दो अनुभवी पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त विभाग ने दी सम्मानजनक विदाई

करनाल। जिला पुलिस करनाल में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले चार पुलिसकर्मी बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में विदाई समारोह आयोजित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार (एचपीएस) सहित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन मौजूद रहे। अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में निरीक्षक दीपक कल्याण (110/एचएपी) ने 24 दिसंबर 2004 को हरियाणा पुलिस में सिपाही के रूप में सेवा शुरू की थी। करीब 21 वर्ष 9 माह की सेवा में उन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए 80 पुरस्कार मिले।



विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए डायल-112 पर सूचना देने का आह्वान

करनाल। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत करनाल पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने श्री रघुनाथ हाई स्कूल, सदर बाजार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की डॉ. पूजा और डॉ. प्रियंका तथा पुलिस टीम ने विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने साथियों और परिवार के सदस्यों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों और उपस्थित लोगों ने नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की शपथ ली। पुलिस ने



बाल आश्रम में बच्चों से मिले न्यायिक अधिकारी, अधिकारों की दी जानकारी

करनाल। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार शर्मा और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने बुधवार को श्रद्धानंद बाल आश्रम का दौरा किया। उनके साथ प्रशिक्षण अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश लाभ सिंह और डॉ. राजेश कुमार भी मौजूद रहे। आश्रम पहुंचने पर प्रधान बलदेव राज और प्रबंधक गोपी नाथ ने अधिकारियों का स्वागत किया। न्यायिक अधिकारियों ने बच्चों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मीनाक्षी यादव ने बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का



असंध में अवैध पटाखा निर्माण का भंडाफोड़, 74 पेटी तैयार बम बरामद

करनाल। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के निर्देश पर अवैध विस्फोटक सामग्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत असंध थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वार्ड नंबर 10 स्थित एक मकान से 74 पेटी तैयार बम, पटाखा बनाने का कच्चा माल और उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार डीएसपी असंध गोरखपाल राणा के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि विनोद गुप्ता के मकान में बिना वैध लाइसेंस और अनुमति के पटाखे रखे व बनाए जा रहे हैं।

यूपीआई एमडीआर पर तस्वीर साफ, छोटे कारोबारियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के चीफ ऑफ प्रोडक्ट एंड मार्केटिंग कुणाल कलावतिया ने यूपीआई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) की प्रस्तावित व्यवस्था को लेकर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए यूपीआई भुगतान पहले की तरह मुफ्त रहेगा।

प्रस्तावित व्यवस्था में 2,000 रुपये से अधिक के पात्र व्यापारिक लेनदेन पर 0.4 फीसदी एमडीआर लगेगा, जिसकी अधिकतम सीमा 300 रुपये प्रति लेनदेन होगी। 2,000 रुपये की सीमा प्रत्येक लेनदेन पर लागू होगी, न कि दिनभर में व्यापारी को मिले कुल यूपीआई भुगतान पर। 2,000 रुपये से कम के अलग-अलग भुगतान पर एमडीआर नहीं लगेगा। छोटे कारोबारियों को राहत देते हुए महीने में यूपीआई से 1 लाख रुपये तक प्राप्त करने वाले व्यापारियों को एमडीआर से बाहर रखा गया है। शिक्षा, रेलवे, दूरसंचार, बीमा और ईंधन जैसे क्षेत्रों में 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर प्रति लेनदेन 5 रुपये का तय शुल्क प्रस्तावित है। व्यवस्था से डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए फंड मिल सकता है, लेकिन बड़े लेनदेन पर शुल्क लगने से कुछ कारोबारियों की भुगतान लागत बढ़ सकती है। इसका वास्तविक असर शुल्क का भार कौन उठाता है, इस पर निर्भर करेगा। एमडीआर से जुटाए जाने वाले फंड का इस्तेमाल छोटे शहरों और कस्बों में डिजिटल भुगतान का ढांचा मजबूत करने में किया जाएगा।

ई-रिक्शा का इंतजार कर रही महिला को ट्रैक्टर ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल के असंध क्षेत्र में ई-रिक्शा का इंतजार कर रही 40 वर्षीय महिला की ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब महिला सरकारी स्कूल की दीवार के पास बने शेड के नीचे खड़ी थी। पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने महिला को कुचलने के बाद स्कूल की दीवार में टक्कर मार दी, जिससे दीवार भी ढह गई।

मृतका की पहचान गांव कैलाश निवासी रीटा के रूप में हुई है। रीटा घरों में काम कर परिवार का पालन-पोषण करती थीं। उनके पति कुलदीप सफाई कर्मचारी हैं और हादसे के समय ड्यूटी पर गए हुए थे। परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। हादसे के समय रीटा करनाल जाने के लिए ई-रिक्शा का इंतजार कर रही थीं। पति कुलदीप के अनुसार, हादसे से करीब पांच मिनट पहले ही उनकी पत्नी से फोन पर बात हुई थी। उन्होंने काम पर जाने की बात कही थी। कुछ देर बाद हादसे की सूचना मिली। कुलदीप का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक तेज गति से वाहन चला रहा था और संभवतः नशे में था। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों और चालक की भूमिका की जांच की जा रही है।

सरकारी स्कूल की महिला कर्मी ने हेडमास्टर और क्लर्क पर लगाए शोषण के गंभीर आरोप

- नौकरी का झांसा, अश्लील हरकत, चाय में नशीला पदार्थ मिलाने और धमकी देने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल। असंध क्षेत्र के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील तैयार करने वाली महिला कर्मचारी ने स्कूल के हेडमास्टर और बीडीओ कार्यालय के एक क्लर्क पर नौकरी का झांसा देकर यौन शोषण, अश्लील हरकत, जातिसूचक शब्द बोलने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। महिला थाना असंध पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शिकायतकर्ता महिला के अनुसार वह करीब छह वर्ष से स्कूल में मिड-डे मील तैयार करने का काम कर रही है। उसका आरोप है कि हेडमास्टर ने मई 2026 में उसे पक्की नौकरी लगवाने का आश्वासन देकर कार्यालय में बुलाया। महिला का आरोप है कि वहां उसे चाय दी गई, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह होश में नहीं रही। उसने आरोप लगाया कि इसी दौरान उसके साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया गया। महिला ने शिकायत में आरोप लगाया कि बाद में उसे नौकरी से निकाल दिया गया और बार-बार फोन कर कथित तौर पर अश्लील बातें की गईं। उसने यह भी आरोप लगाया कि बीडीओ कार्यालय के क्लर्क से मिलने के लिए उस पर दबाव बनाया गया। महिला के मुताबिक 26 सितंबर को वह क्लर्क से मिलने गई तो कथित तौर पर उसके साथ भी आपत्तिजनक व्यवहार किया गया और उसे धमकाया गया। शिकायतकर्ता ने दोनों आरोपियों पर जातिसूचक टिप्पणियां करने और नौकरी का झांसा देकर उसका फायदा उठाने का भी आरोप लगाया है। महिला थाना असंध पुलिस ने 29 सितंबर को शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच की जा रही है।

भगवान की कथा से मिलती है भक्ति की राह



करनाल। श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल की ओर से सेक्टर-12 स्थित गोल्डन मोमेंट्स में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा उत्सव के तीसरे दिन विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक देवी चित्रलेखा ने श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति और सद्बुद्धि का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान ने मनुष्य को मति देकर पृथ्वी लोक पर भेजा है। इस मति को सुमति बनाना है या कुमति, इसका निर्णय मनुष्य को स्वयं करना है। भगवान ने मनुष्य को अपनी बुद्धि का स्वामी बनाया है, इसलिए उसे अपने विचारों और कर्मों का निर्माण स्वयं करना चाहिए। देवी चित्रलेखा ने कहा कि भगवान की कथा का प्रांगण वह स्थान है, जहां मति को सुमति में परिवर्तित करने की प्रेरणा मिलती है। भगवान का सच्चा प्रेमी या रसिक महात्मा मिल जाए तो उसकी शरण ग्रहण करनी चाहिए।

विद्यार्थियों को करियर चयन में किया मार्गदर्शन



करनाल। राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय टिकरी में बुधवार को करियर परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करनाल के एसडीएम देवेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि रहे। विद्यालय पहुंचने पर खंड शिक्षा अधिकारी संजीव शर्मा ने उनका स्वागत किया। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने 'मेरा भविष्य, मेरा निर्णय' अभियान के तहत छात्राओं को करियर चयन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भविष्य का क्षेत्र चुनना चाहिए। सही समय पर मिलने वाला मार्गदर्शन प्रतिभा को पहचानने और उसे सही दिशा देने में सहायक होता है। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक एवं रोजगारपरक क्षेत्रों की जानकारी देते हुए छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

विधायक ने किया ब्राह्मण चौपाल का उद्घाटन

तरावड़ी। ग्राम पंचायत पधाना में नवनिर्मित ब्राह्मण चौपाल का उद्घाटन विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पधाना के सरपंच आशीष कुमार सहित गांव के गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। पधाना में ब्राह्मण चौपाल का निर्माण होने से समाज के लोगों को सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में गांवों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है और नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में भी विभिन्न विकास परियोजनाओं को गति दी जा रही है।

सिलाई का हुनर सीख आत्मनिर्भर बनेंगी ग्रामीण महिलाएं, प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अंत्योदय फाउंडेशन ने बुधवार को कुंजपुरा में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया। यह फाउंडेशन का 11वां प्रशिक्षण केंद्र है। यहां महिलाओं और युवतियों को सिलाई का प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

केंद्र का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को हुनर देकर उन्हें आय का साधन उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं घर से काम शुरू कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी।

फाउंडेशन की यह पहल केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अंतिम पंक्ति तक अवसर पहुंचाना ही अंत्योदय की भावना है। ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, अंत्योदय फाउंडेशन से एशना कल्याण व अनिरुद्ध यादव, समाजसेवी बृज भूषण गुप्ता, पूर्व चेयरमैन इलम सिंह, सरपंच महेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल, मंडल उपाध्यक्ष निशान पाहवा, शक्ति केंद्र प्रमुख साहिल चोपड़ा, जसवीर राणा सहित अन्य गणमान्यजन व ग्रामीण मौजूद रहे।

श्रीराम का जीवन मर्यादा व त्याग से भरा: तरूण



तरावड़ी। श्रीराम सेवा मंडल तरावड़ी एवं नगरवासियों के सहयोग से पितृपक्ष के शुभ अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान पूरा पंडाल भगवान श्रीराम के जयकारों और भजनों से गूंज उठा। आज की कथा में ज्योति प्रचंड नीटू सिंगला, राजेश मुंजाल, मनोज कामरा एवं विपिन छाबड़ा ने संयुक्त रुप से किया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा के चौथे दिन कथा वाचक अनंत आनंद तरुण लखन गुरु, वृंदावन धाम ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम की लीलाओं और उनके जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन सुनाया।

एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



करनाल। 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यालय के 40 एनसीसी कैडेट्स ने श्रमदान कर परिसर की सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ समाज की आधारशिला माना था। कैडेट्स ने अभियान के माध्यम से स्वच्छता को प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बताया। विद्यालय की प्राचार्य सुषमा देवगन और मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए स्वच्छता का संदेश समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों को बताई कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका



करनाल। डीएवी पीजी कॉलेज के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से पुणे इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें व्यवसाय एवं प्रबंधन के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका, इसके व्यावहारिक उपयोग और बदलते रोजगार अवसरों पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है। विपणन, व्यवसाय विकास, ग्राहक प्रबंधन, आंकड़ा विश्लेषण और निर्णय प्रक्रिया में भी इसका उपयोग बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ संचार और समस्या समाधान कौशल विकसित करने की सलाह दी।

मेडिकल क्षेत्र में करियर की बारीकियां सिखाईं

करनाल। इंद्री के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 9 से 12वीं की विज्ञान संकाय की 39 छात्राओं ने बुधवार को कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज का शैक्षणिक दौरा किया। मेडिसिन विभाग की प्रोफेसर डॉ. ज्योति ने छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने एमबीबीएस, एमडी तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया समझाते हुए निरंतर अध्ययन और मेहनत को जरूरी बताया।

खबर संक्षेप

आईबी कॉलेज में 73 लोगों ने रक्तदान किया

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में रोटरी क्लब पानीपत रेनबो के सहयोग व युवा रेड क्रॉस, एनएसएस, एनसीसी, शारीरिक शिक्षा विभाग एवं रेड रिबन क्लब इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान से रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, 73 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के महासचिव एलएन मिगलानी, उपप्रधान आईबीएल एजुकेशनल सोसाइटी परमवीर ढींगरा, प्रबंधक आईबीएल पब्लिक स्कूल युधिष्ठिर मिगलानी, चंद्रशेखर शर्मा, के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, उपप्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक उपस्थित रहे।

हरियाणा के पहले जिला आर्ट रूम का शुभारंभ

पानीपत। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने डिस्ट्रिक्ट आर्ट रूम का उद्घाटन किया और इसके लिए जिला कोऑर्डिनेटर संदीप रत्तेवाल की खुले मन से प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि संदीप रत्तेवाल की यह पहल विद्यार्थियों एवं कला से जुड़े शिक्षकों को एक ऐसा सृजनात्मक मंच उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जहां कला, प्रतिभा, नवाचार और रचनात्मक सोच को निरंतर प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडु, खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल, गौरव, करण सिंह, नरेंद्र मान, प्राचार्य सहित शिक्षा विभाग एवं कला क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गांव जौंधन कलां की विवाहिता ने सुसाइड किया

पानीपत। पानीपत के गांव जौंधन कलां निवासी 39 वर्षीय मनीषा पत्नी कृष्ण कुमार ने अपने घर में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली है। वहीं मनीषा काफी समय से मानसिक बीमारी से जूझ रही थी। इधर, थाना इसराना पुलिस ने जांच के बाद मनीषा के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

फंदे पर लटका मिला ऑपरेटर का शव

पानीपत। पानीपत के हुडा औद्योगिक सेक्टर 25 पार्ट-वन स्थित टेक्सटाइल फैक्ट्री के क्वार्टर में मशीन ऑपरेटर 26 वर्षीय बबलू पुत्र कल्लू अंसारी मूल निवासी गांव गीर्द वरा, जिला संत रविदास नगर (भदोही), उत्तर प्रदेश मशीन ऑपरेटर का शव फंदे पर लटका मिला।

नागरिक स्वयं को भगवान की भक्ति से जोड़ें

पानीपत। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा कटारिया लैंड पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस में भागवत भास्कर कथा व्यास साध्वी सुश्री कालिन्दी भारती ने कहा कि वर्तमान युग तकनीक और सुख-सुविधा का युग तो है लेकिन विडंबना की बात यह है कि इसी युग में मनुष्य सबसे अधिक अशांत और तनावग्रस्त है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वयं को भगवान की भक्ति से जोड़े, इससे वे मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

पुलिस ने चोरी हुई तीन बाइक बरामद की

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बाइक चोरी के आरोप में गुलशन पुत्र रामनारायण निवासी झुग्गी-झोपड़ी पुराना औद्योगिक क्षेत्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुलशन की निशानदेही पर चोरी की गई तीन बाइक बरामद की है। थानेदार सुभाष ने बताया कि बाइक चोरी की इस वारदात के संबंध में थाना किला में रामभूल पुत्र ईश्वर निवासी कुटानी की शिकायत पर केस दर्ज है।

जिला प्रशासन ने जनसुनवाई की

पानीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को नगर निगम एग्रो मॉल में सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम मनदीप कुमार ने पहुंचकर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में 192 से ज्यादा शिकायतकर्ताओं ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

एडीसी पर महिला वकील ने लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

वकीलों का एडीसी के खिलाफ प्रदर्शन

वीरवार से वर्क सस्पेंड करेंगे अधिवक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (एडीसी) अंकित चौकसे पर तलाकशुदा महिला वकील ज्योति चौहान ने अपने साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा है। वहीं, महिला मलिक के साथ कथित अभद्र व्यवहार की जानकारी मिलने के बाद अधिवक्ता, एडीसी कार्यालय के सामने पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शन किया। ज्योति का आरोप है कि एडीसी अंकित ने उनके निजी जीवन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। वहीं, अधिवक्ता एडीसी अंकित से वकील ज्योति से माफी और कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। दूसरी ओर, पानीपत बार एसोसिएशन की जॉइंट सेक्रेटरी अर्पिता सिंगला ने कहा कि वकील ज्योति के साथ एडीसी अंकित द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के मामले में अधिवक्ता वीरवार से वर्क सस्पेंड रखेंगे। दूसरी ओर, एडीसी अंकित चौकसे ने कहा कि राजेश नामक व्यक्ति की फैमिली आईडी पर गलत तरीके से राशन कार्ड बना है। जांच में भी खामिया पाई गई थी। वहीं, ज्योति ने शिकायत दी कि फिजिकल वेरिफिकेशन गलत तरीके से किया गया है। ज्योति, इसकी शिकायत लेकर ही ऑफिस आई थी। उनके साथ कोई बदतमीजी नहीं हुई। मेरे या मेरी टीम के द्वारा उनके साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया गया।



पानीपत। एडीसी अंकित चौकसे के खिलाफ रोष व्यक्त करते वकील। फोटो : हरिभूमि

इनर व्हील क्लब ने जनसेवा दल को भेंट की फूड ट्रॉली

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

इनर व्हील क्लब पानीपत द्वारा अध्यक्ष अलका भाटिया की अगुवाई में बुधवार को पानीपत के सिविल अस्पताल में जन सेवा दल को स्टील फूड सर्विंग ट्रॉली भेंट की और लंगर सेवा का आयोजन भी किया गया। इस ट्रॉली के माध्यम से रोगियों, इनके तिमारदारों व जरूरतमंद लोगों को भोजन स्वच्छता के साथ परोसा जा सकेगा। यह ट्रॉली इनर व्हील क्लब के माध्यम से क्लब की पूर्व प्रधान पीपी हर्ष नागपाल की ओर भेंट की गई है। क्लब की सेक्रेटरी अनिता, ट्रेजरर आकांक्षा, एडिटर रंजू ढींगडा, पीडीसी सीमा, पम्मी, हेमा, मोनिका, रीटा, अनिता आदि ने कहा कि क्लब की जरूरमंद संस्थाओं को सेवाएं जारी रहेगी। जबकि जन सेवा दल की ओर से प्रधान किशन मनचंदा, चमन गुलाटी, कमल गुलाटी, तिलकराज बाठला, अशोक कपूर, अशोक अरोड़ा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



पानीपत। इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी जन सेवा दल को फूड सर्विंग ट्रॉली भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

डीजीजी कॉलेज ने गोल्ड जीता

पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय की महिला शतरंज टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं, महिला शतरंज टीम में मुस्कान, रीना, पिंकी, प्रिया, आंचल सुप्रिया ने प्रतिभागिता की। विजेता प्रशिक्षक प्राध्यापक डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि विजेता खिलाड़ी मुस्कान, रीना, आंचल ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

नागरिक अपनी आभा आईडी बनवाएं

पानीपत। जिला सचिवालय सभागार में बुधवार को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आयोजित जिला स्तरीय हितधारक कार्यशाला में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने आभा आईडी को लेकर अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने और इसके प्रति आम व्यक्ति को जागरूक करने के निर्देश दिए।

नशे के खिलाफ जागरूक किया

पानीपत। पानीपत पुलिस की नशा मुक्त अभियान टीम ने गांव बबैल के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

विशेष ग्राम सभा दो को

पानीपत। एडीसी अंकित कुमार चौकसे ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग, हरियाणा तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत दो अक्तूबर को सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन ग्राम सभाओं में वीबी-जी राम जी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2027-28 में करवाए जाने वाले विकास कार्यों की योजना तैयार की जाएगी।

छात्रों के लिए व्यावहारिक ज्ञान जरूरी



पानीपत। एसएनटी कॉलेज के विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पानीपत में डीएलएड के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन हुआ। परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ भाग लिया और अपनी शिक्षण एवं व्यावहारिक दक्षताओं का प्रदर्शन किया। प्रायोगिक परीक्षा के दौरान बाहय परीक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के शिक्षण कौशल, विषयगत समझ एवं व्यावहारिक ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। पूरी परीक्षा प्रक्रिया अनुशासनपूर्ण एवं शैक्षणिक वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. लोकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

पानीपत थर्मल से सल्फर डाइऑक्साइड के उत्सर्जन नियमों का उल्लंघन करने के मामले में कड़ा संज्ञान लिया

पानीपत। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की प्रिंसिपल बेंच ने पानीपत थर्मल पावर स्टेशन (पीटीपीएस) की युनिट छह, सात व आठ में सल्फर डाइऑक्साइड के उत्सर्जन नियमों का उल्लंघन करने के मामले में कड़ा संज्ञान लिया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए हरियाणा सरकार और पावर स्टेशन प्रशासन सहित सभी संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। स्मरणीय है कि पर्यावरण प्रेमी वरुण गुलाटी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने पाया कि प्रदूषण नियंत्रण की तकनीक उपलब्ध होने के बावजूद पानीपत थर्मल पावर स्टेशन की ओर से इसे अपनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता ने ट्रिब्यूनल को बताया कि पानीपत थर्मल की छह, सात, आठ युनिटों से सल्फर डाइऑक्साइड का उत्सर्जन निर्धारित मानक सीमा 600 एमजी /एनएम-थ्री से काफी अधिक हो रहा है, जो वायु गुणवत्ता और आसपास के पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। वही, वरूण की याचिका में आरोप लगाया गया है कि पॉल्यूशन कंट्रोल के लिए आवश्यक ड्राई सोर्बेंट इंजेक्शन (डीएसआई) प्रक्रिया या तकनीक को थर्मल पावर स्टेशन ने अब तक स्थापित नहीं किया है। हालांकि आवश्यक तकनीक को अपनाने के लिए समय सीमा 31 दिसंबर 2027 तक बढ़ाई गई है। इधर, थर्मल प्रशासन ने अभी तक प्रक्रिया ही शुरू नहीं की है। ऐसे में निर्धारित समय के भीतर यह कार्य पूरा होना नामुमकिन प्रतीत होता है। दूसरी ओर, एनजीटी ने 28 सितंबर को दिए अपने आदेश में याचिकाकर्ता को निर्देश दिया है कि वह सभी प्रतिवादियों को नोटिस की तामील कराए और अगली सुनवाई से कम से कम एक सप्ताह पहले सर्विस का हलफनामा दाखिल करे।

हरियाणा में छात्र संघ के प्रत्यक्ष चुनाव करवाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) के वरिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज देशवाल व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र जैलदार की अध्यक्षता में एसडी पीजी कॉलेज के छात्रों ने हरियाणा में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर कॉलेज प्राचार्य अनुपम अरोड़ा के माध्यम से शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार और संबधित अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। वही, बलराज व राजेंद्र ने कहा कि छात्र संघ चुनाव राजनीति की प्रथम पाठशाला है छात्र संघ से ही देश को अनेक नेता मिले। उन्होंने कहा कि छात्र संघ के चुनाव की मांग को लेकर इनसो प्रदेश भर में कॉलेजों में आंदोलन खडा करेगी। इस अवसर पर सोनू शर्मा, प्रदीप खर्ब, अंकुश सिंह, साहिल प्रजापत, अमित पांचाल आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।



पानीपत। इनसो नेता बलराज देशवाल व राजेंद्र जैलदार, एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए।

बच्चों के लिए धीमा जहर है जंक फूडः डॉ. मिकी

समालखा। सेवा सेतु संकल्प अभियान के अंतर्गत, सुंदर वाटिका किड्ज पाठशाला, समालखा में बच्चों के स्वास्थ्य, शारीरिक वकास और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य सेस्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। सिविल हॉस्पिटल समालखा से डॉ.मिकी और उनकी टीम ने सभी बच्चों की जांच की और उन्हें संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए सलाह दी कि अभिभावक अपने बच्चों को जंक फूड से दूर रखे, जंक फूड बच्चों की सेहत के लिए धीमा जहर है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक नरेश बेनीवाल आदि उपस्थित रहे।



बच्चों को प्रतिभाशाली बनाएं: जगबीर



पानीपत। गांव जलालपुर में आंगनबाडी वर्कर्स को संबोधित करते भाजपा नेता जगबीर आर्य। फोटो: हरिभूमि

- आंगनबाड़ी, आशा वर्कर्रों हेल्परों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव जलालपुर प्रथम में आयोजित आंगन मिलन उत्सव में भाजपा सनौली मंडल अध्यक्ष जगबीर आर्य ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। आर्य ने कहा कि आंगन मिलन उत्सव के माध्यम से माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, टीकाकरण और समुचित वृद्धि एवं विकास के प्रति जागरूक किया रहा है। बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए परिवार और आंगनबाड़ी केंद्र के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है। बच्चों को प्रतिभाशाली बनाएं। जगबीर आर्य ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली आंगनबाड़ी वर्करों, हेल्परों व आशा वर्करों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आंगनबाड़ी वर्करर्स पूजा रानी, कविता, सोनिया, गीता, कमलेश, मीना आदि उपस्थित रही।

समालखा में बनेगी भव्य पंजाबी धर्मशाला : भड़ाना



समालखा। पंजाबी धर्मशाला वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी संस्थापक श्याम सुंदर बरेजा, प्रधान नंदलाल अरोड़ा, सचिव ज्ञानचंद तनेजा, उप प्रधान अश्विनी मिड्ढा, खजांची सुमंत भोला, जगतार बिल्ला, अशोक मेहंदी रत्ता, अमन, इशू नागपाल, रमेश नंदवानी, अमित कपूर ने हलका विधायक मनमोहन भड़ाना से उनके गांव करहंस आवास पर मिलकर धर्मशाला में चल रहे कार्यों को लेकर अवगत कराया। वहीं, भड़ाना ने आश्वासन दिया कि तीस लाख रुपये की लागत से पंजाबी धर्मशाला को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में हुई शतरंज चैंपियनशिप

सुहानी ने शतरंज में कांस्य पदक जीता



पानीपत। आर्य कॉलेज की विजेता छात्राएं प्राचार्या प्रो .डॉ जगदीश गुप्ता के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज की खिलाड़ी छात्राओं ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित दो दिवसीय इंटर कॉलेज शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते छात्रा सुहानी ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। सुहानी का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए हुआ है। जबकि विजेता टीम की खिलाड़ी सुहानी, बीए द्वितीय वर्ष, पायल बीए , सृष्टि बीएससी तृतीय वर्ष, कोमल बीएससी तृतीय वर्ष और पल्लवी बीकॉम तृतीय वर्ष हैं। इधर, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों व खेल विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण को बधाई दी है। इस अवसर पर राजेंद्र देशवाल, सुनील पहल, रजनी आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। आर्य कॉलेज में उत्तर दक्षिण शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालु।

आर्य कॉलेज में उत्तर दक्षिण शास्त्रीय संगीत श्रंखला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में संगीत विभाग और पायनियर आर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को उत्तर दक्षिण नामक एक शास्त्रीय संगीत और नृत्य श्रंखला के अंतर्गत एक दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया। वहीं, कार्यशाला का मुख्य विषय स्वर और ताल की जुगलबंदी था। कार्यक्रम में पायनियर आर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी के संस्थापक सचिव ललित नारंग व सोसाइटी के सदस्य पर्शांत की उपस्थिति में मारेगांव रितुल, तबला पर सचिन, सारंगी पर सांभू सिसोदिया, वायलिन पर उमा ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जबकिआर्य कॉलेज के सांस्कृतिक गतिविधियों के निदेशक डॉ. रामनिवास, संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. नीलू व ललित कुमार ने कलाकारों का हौंसला बढ़ाया।

समाज की मजबूत कड़ी है आंगनबाड़ीः रेखा

समालखा। समालखा आंगनबाड़ी में सेवा संकल्प एवं आंगनवाड़ी मिलन समारोह हुआ। जिसमें समालखा वार्ड छह, सराय मोहल्ला आंगनवाड़ी में मुख्यअतिथि के रूप में शहरी भाजपा प्रधान रेखा संजय गोयल व एडवोकेट संजय गोयल ने आंगनबाड़ी बहनों को समाज और महिला व बाल विकास के क्षेत्र में किया जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। सभी को प्रशंसा पत्र व शॉल भेंट किया गया।

- सभी को प्रशंसा पत्र व शॉल भेंट किए

इधर, रेखा संजय गोयल ने बताया आंगनबाड़ी हमारे समाज सेवा की मजबूत कड़ी है। उन्होंने आंगवाड़ी कार्यकर्ताओं के काम की तारीफ करते हुए कहा कि वे ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाए पहुंचानें में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर बीएलओ ममता, निशा महेंद्रा, शक्ति केंद्र प्रभारी प्रमुख हरीश महेंद्र आदि उपस्थित रहे।



समालखा। आंगनबाडी वर्कर्स को सम्मानित करते हुए रेखा व संजय गोयल।

खबर संक्षेप

अवैध भवनों को लेकर जारी हुई हेल्पलाइन

अंबाला। नगर निगम के आयुक्त ने जनता को अवगत करवाते हुए कहा कि शहर में असुरक्षित इमारतों और असुरक्षित या अनधिकृत निर्माण की रिपोर्ट करने के लिए एक हेल्पलाइन शुरू की गई है। इस पर कोई भी नागरिक इसकी सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि है कि कोई भी ऐसी इमारत जो पुरानी, दरारग्रस्त, झुकी हुई या जर्जर अवस्था में हो, स्वीकृत योजना के बिना या असुरक्षित प्रतीत होने वाले तरीके से निर्माण कार्य, खुदाई या तहखाने का काम जिससे आस-पास की इमारतें प्रभावित हो सकती हैं। इसकी सूचना नगर निगम द्वारा जारी मोबाईल नंबर 7015631924 , नगर परिषद अंबाला सदर 9468435350, नगर पालिका बराड़ा 9315807001 , नगर पालिका नारायणगढ़ 9466934699 पर दी जा सकती है। नगर निगम प्रत्येक शिकायत के 48 घंटों के भीतर जांच की जाएगी। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

रेस्ट हाउस में मंत्री विज आज सुनेंगे शिकायतें

अंबाला। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज अम्बाला छावनी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को एक अक्तूबर वीरवार को दोपहर 12:00 से अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुनेंगे। अंबाला छावनी क्षेत्र के लोग इस अवधि के दौरान अपनी समस्या लेकर दोपहर 12:00 बजे से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उनसे मिलकर अपनी समस्या रख सकते हैं। मंत्री ने कहा कि इस दौरान आने वाले सभी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

वाहन चोरी के मामले में तीन शातिर आरोपी काबू

अंबाला। पुलिस के एवीटी स्टाफ ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने त्वरित और तकनीकी कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल 6 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। जांच अधिकारी सोमपाल ने बताया कि कच्चा बाजार के अनिल कुमार ने 18 अगस्त 2026 को शिकायत दी थी कि किसी आरोपी ने नई सब्जी अंबाला शहर के पास से उसकी बाइक चोरी की है। जांच टीम ने तकनीकी संसाधनों और पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर जाल बिछाया और तीन आरोपियों को दबोचने में सफलता प्राप्त की। आरोपियों की पहचान रजत कुमार निवासी गांव देवीनगर,बंटी वासी गांव गुथमडा व सन्नी वासी गांव बड़ी घेल के रूप में हुई है।

छात्राओं को सीवी बेहतर बनाने बारे दी जानकारी

कुरुक्षेत्र। यूएसएफ कुरुक्षेत्र की ओर से शालिनियों के लिए डॉ. सुषमा शर्मा द्वारा इंटरनेट से सीवी को बेहतर बनाना विषय पर ऑनलाइन रोजगारपरक कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 40 से अधिक शालिनियों ने सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान शालिनियों को प्रभावी एवं व्यवस्थित सीवी तैयार करने के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. सुषमा शर्मा ने शालिनियों को समझाया कि जिस संस्था में वे नौकरी के लिए आवेदन कर रही हैं, उसके बारे में पहले जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। संगठन की आवश्यकताओं को समझते हुए सीवी में आवश्यक बदलाव करें।

ऊर्जा मंत्री ने छावनी मंडी में किसानों के लिए सुविधाओं का लिया जायजा

17% से कम नमी वाली धान को तुरंत खरीदें अधिकारी: विज

मंत्री अनिल विज बोले किसानों को अनाज मंडी में रात को भी उपलब्ध होगा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मंडी में आए धान को जांचते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बुधवार को अंबाला छावनी की मंडी में धान खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि किसान हमारी आन, बान, शान, मान और सम्मान है। हम इन्हें कोई दिक्कत नहीं आने देंगे। मंडी में जीरी की फसल लेकर आए किसानों को कोई दिक्कत न आए प्रशासन यह सुनिश्चित करे। इसके उपरांत विज ने यहां आयोजित कार्यक्रम में किसानों, आढ़तियों व उपस्थित लोगों को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में पड़ी जीरी की नमी को जांचा 17 प्रतिशत से कम नमी वाली धान की खरीद कर उसका उठान तुरंत करने के दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीसी सचिन गुप्ता, एसडीएम कनिका गोयल, मार्केट कमेटी चेयरमैन बलविंद्र सिंह, वाइस चेयरमैन सुरेंद्र बिंद्रा, नप अध्यक्ष स्वर्ण कौर व अन्य मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अंबाला छावनी की अनाज मंडी का दौरा किया और जीरी की फसल के खरीद के सारे इंतजामों की पुख्ता जानकारी ली। पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री अनिल विज ने कहा की जीरी की फसल की खरीद बीते रोज ही शुरू हो चुकी है। मंडी में फसल सुखाई जा रही है और 17 प्रतिशत से नीचे नमी वाली फसल को हम खरीद रहे हैं, उन्होंने खुद कुछ जीरी की ढेरियों पर जाकर नमी को चेक किया है। उन्होंने कहा कि जितनी भी जीरी आएगी हम त्वरित कार्रवाई कर उठान करेंगे ताकि मंडी में जगह भी खाली होती रहे और नये जो किसान आएंगे उनको अपना अनाज डालने की जगह मिले। विज ने कहा कि अंबाला छावनी की अनाज मंडी उन्होंने नई बनाकर दी है। इसमें किसानों की हर सुविधा का ध्यान रखा है। इसीलिए यहां पर किसानों के लिए एक कार्यालय, उनके सोने के लिए एक बेहतरीन रेस्ट हाउस, उनके खाने-पीने के लिए कैंटीन भी खोली गई है, कैंटीन पहले दोपहर तक चलती थी मगर अब रात को भी खाना देने के की सुविधा है ताकि जो किसान अपनी फसल लेकर मंडी में आए उन्हें रात का खाना भी मिल सके। उन्होंने कहा कि मेरे साथ डीसी भी हैं जिन्हें कहा गया है कि मंडी में आने वाली फसल का तुरंत उठान हो ताकि आगे आने वाली फसल को रखने की जगह मिल सके। मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसानों, आढ़तियों व अन्य को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मेरा जन्म इसी शहर में हुआ है। शहर को मैने सांसें लेते देखा है। यह शहर 1835-36 में अंग्रेजो ने बसाया था। यहां पर सभी प्रकार के कारोबार के लिए स्थान बनाए गए थे परंतु मंडी के लिए कोई स्थान नहीं था, मात्र अंबाला छावनी का एक छोटा सा चौक था जहां न तो वहां पर ट्राली जाती थी और न ही फसलों को सुखाने के लिए कोई जगह थी और न फसलों को खरीदने-बेचने के लिए कोई उचित तरीका था।अंबाला छावनी को केवल पत्थर ही नसीब हुए, काम नसीब नहीं हुआ। काम होने शुरू हुए जब हमारी सरकार आई। उन्होंने कहा 2014 में जब हमारी सरकार आई तो सबसे पहला काम अंबाला छावनी में अनाज मंडी बनाकर दी। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी के यहां बनने से एक विपक्ष के व्यक्ति जोकि एक आढ़ती था उसने भी इसकी प्रशंसा करते हुए मुझसे कहा था कि अनाज मंडी यहां शिफ्ट होने से नई अनाज मंडी में अब एक दिन में इतना अनाज आ रहा है जितना पुरानी अनाज मंडी में महज एक महीने में आता था। अनाज मंडी यहां आने से हमारी जिंदगी बन गई।

काम गिनवा दें 31 हजार दूंगा ईनाम

इस दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने चैलेंज देते हुए कहा कि कोई यहां आकर मेरे द्वारा किए विकास कार्य गिनवा दें तो मैं उसे 31 हजार रूपए का ईनाम दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मेरे द्वारा कराए गए काम जींवत हैं। वो खुद बोलते हैं अपनी कहानी कि यह किसने बनाकर दिए। नामुमकिन कामों को मैनें मुमकिन करके दिखाया है जो हो सकता और यह सब आप लोगों द्वारा दी गई ताकत व विश्वास से है। इस मौके पर मंडी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सुशील गोयल ने मुख्य अतिथि को शाल व पर्यावरण का प्रतीक भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया। मौके पर एसडीएम कनिका गोयल, मार्केट कमेटी के चेयरमैन बलविंद्र सिंह शाहपुर, मंडी एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, मंडल प्रधान प्रवेश शर्मा, हर्ष बिंद्रा,अजय बवेजा, बीएस बिंद्रा, डीएम हैफड देवेंद्र सिंह, सचिव नीरज भारद्वाज मौजूद रहे।

कृषि मंत्री ने छावनी मंडी में खरीद कार्यों का लिया जायजा



- चंडीगढ़ जाते समय कृषि मंत्री ने छावनी मंडी में लगाए ब्रेक
- अधिकारियों को आदेश, खरीद के दौरान मंडियों में किसानों को नहीं होनी चाहिए कोई दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अंबाला छावनी अनाज मंडी में मंगलवार देर रात निरीक्षण करते हुए धान खरीद कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने मंडी में की गई व्यवस्थाओं की भी जानकारी हासिल की। बता दें कि कैबिनेट मंत्री पिपली से चंडीगढ़ जा रहे थे। उन्होंने देर रात अंबाला छावनी अनाज मंडी पहुंचकर मंडी की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंडी में पहुंचकर मार्केट कमेटी सचिव से मंडी में अब तक आए धान की जानकारी ली। साथ ही कटे गेट पासों के बारे में भी पूछा। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों, सफाई व्यवस्था के साथ नमी मापने वाले मीटर की भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों को धान खरीद से संबंधित कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इस दौरान उन्होने मंडी में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय , पेयजल , बिजली व बॉयोमेट्रिक की व्यवस्था की भी जानकारी ली। राणा ने कहा कि धान खरीद से संबंधित जो नियम तय किए गए हैं उनके के तहत किसानों की धान की खरीद का कार्य किया जाए। उन्होंने खरीद एजेंसियों को भी निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से किसानों की फसलों को खरीदना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी कहा कि धान खरीद के साथ लिफ्टिंग का कार्य भी बेहतर तरीके से होना चाहिए। किसानों को उनकी फसलों की अदायगी भी समय अवधि के तहत होनी चाहिए। इस मौके पर एसडीएम कनिका गोयल ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि उन्होंने बीते कल दोपहर को अनाज मंडी में तमाम व्यवस्थाएं जांची थी। सभी व्यवस्थाएं यहां पर ठीक हैं। उन्होंने मंत्री को आश्वस्त किया कि मंडी में किसानों को धान खरीद से संबंधित कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मंडी में नमी मापने वाले मीटर के साथ-साथ बारदाने की भी व्यापक व्यवस्था है। इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज, अतिरिक्त सचिव मोहित आदि मौजूद रहे।

चुनाव आयोग पर आरोपों की बजाय तथ्यों पर हो चर्चा

- मेयर व भाजपा जिलाध्यक्ष ने विपक्षी दलों पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करती मेयर व भाजपा जिलाध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम की मेयर अक्षिता सैनी ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। इस संबंध में उन्होंने प्रेसवार्ता कर कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और मतदाता सूची का पुनरीक्षण उसकी निर्धारित जिम्मेदारियों का हिस्सा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा भी मौजूद रहे। सैनी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करने के बजाय तथ्यों, आधिकारिक दस्तावेजों और न्यायालय के फैसलों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर और मतदाता सूची से जुड़ी प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग की ओर से जारी जानकारी फार्म 6 और न्यायालय में हुई कार्यवाही जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 27 मई 2026 के फैसले में बिहार में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया था। ऐसे में मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े किसी भी विषय पर राय बनाने से पहले संबंधित न्यायिक आदेशों और निर्वाचन आयोग के आधिकारिक रिकॉर्ड को देखना जरूरी है। मेयर ने कहा कि लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना राजनीतिक और सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा हो सकता है, लेकिन ऐसे सवाल प्रमाणित तथ्यों के आधार पर ही उठाए जाने चाहिए।। भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास जनता से जुड़े ठोस मुद्दे नहीं हैं। इसलिए जनता का ध्यान भटकाने के लिए चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

पुलिस के सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक वर्मा 90 बार दान कर चुके हैं प्लेटलेट्स

- पुलिस अधिकारी 185 बार कर चुके हैं रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। रक्तदान करते डॉ. अशोक वर्मा।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर पुलिस के सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा रक्तदान एवं सामाजिक सेवा यात्रा में लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं। वर्मा अब तक 185 बार रक्तदान, 90 बार प्लेटलेट्स तथा एक बार प्लाज्मा दान कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में 610 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें 22,021 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। वे लगभग 76 हजार जरूरतमंदों लोगों तक रक्त की सेवा दे चुके हैं। डॉ. वर्मा आपात स्थिति में मांग आने पर भी रक्त एवं प्लेटलेट्स की व्यवस्था कराते हैं। उहरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में डॉ. वर्मा नशामुक्ति अभियान को भी निरंतर गति दे रहे हैं। वे साइकिल से विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर युवाओं और आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हैं।

दो भाइयों पर ईंटों से जानलेवा हमला, एक की टांग टूटी, चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

शहजादपुर। पुराने सिविल अस्पताल के पास बाइक सवार दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में एक युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उसके भाई के सिर में चोट के साथ-साथ पैर की हड्डी टूट गई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव शहजादपुर के जसविंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 8:20 बजे वह अपने भाई अमृतपाल सिंह के साथ बस स्टैंड से मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहा था। जब वे पुराने सिविल अस्पताल के समीप पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद राजेश कुमार उर्फ काका उसके दो बेटों तथा धनाना के अंकित गुमा ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर दोनों भाइयों पर ईंटों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में जसविंद्र सिंह के सिर पर गंभीर चोटें आईं जबकि उसके भाई अमृतपाल सिंह के सिर में गहरी चोट लगने के अलावा उसकी टांग टूट गई। राहगीरों और आसपास के लोगों द्वारा बीच-बचाव कराने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद दोनों घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल शहजादपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अंबाला शहर सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। अमृतपाल की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर किया। हालांकि परिजनों ने उसे अंबाला कैंट के नांदरा अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉक्टरों के अनुसार अमृतपाल के सिर में गंभीर चोट और पैर में फ्रैक्चर होने के कारण वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। अब पुलिस फरार आरोपियो को तलाश रही है।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला शातिर आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के 9 मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। पकड़ा गया आरोपी।

थाना अंबाला शहर पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि 20 जून 2025 को पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 6 फरवरी 2024 से 26 अप्रैल 2025 के बीच आरोपी रूपेश कुमार व अन्य ने उसके बेटे को विदेश भेजने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम हड़प ली। आरोपियों ने न तो उनके पुत्र को विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए। इसके विपरीत, जब पीड़ित परिवार ने अपने पैसे वापस मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इस शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर गहन जांच शुरू कर दी गई थजांच टीम ने टीम ने मुख्य आरोपी राजस्थान क रूपेश कुमार को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी विदेश भेजने के नाम पर पैसे ठगने के संबंध में थाना शहजादपुर, बलदेव नगर, सैक्टर- तथा पंचकूला में लगभग 9 मामले दर्ज हैं। आरोपी से अब तक पूछताछ कर लगभग 50 हजार रुपए नकदी तथा पासपोर्ट बरामद किया गया है।



गुरु पर विश्वास रखने से ही होते हैं कार्य : संत प्रकाश

थानेसर। राजेन्द्र नगर स्थित श्रीअद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम नंगली वाली कुटिया में रात्रि को स्वामी अनन्त प्रकाशानंद महाराज की स्मृति दिवस के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया व बुधवार सुबह आश्रम के द्वार पर ध्वजारोहण किया गया। जिसका शुभारंभ आश्रम के संचालक संत प्रकाश पुरी एवं संत अगम पुरी महाराज ने आरती करके किया। इस मौके पर संत प्रकाश पुरी ने कहा कि 84 लाख योनियो भोगनें के बाद मनुष्य रूप में जन्म होता है, इसलिए मनुष्य को अपने लोक परलोक को सुधारने के लिए निस्वार्थ भावना से विश्वास के साथ ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। मंच का संचालन चंद्र प्रकाश धमीजा ने किया। इस मौके पर संत निर्विकार पुरी, संत संतोष पुरी, संत सनातन पुरी, संत सहज पुरी, संत आत्म विभोर पुरी पिहोवा, संत त्रिलोक पुरी झांसा, संत वीणा पुरी, संत यथार्थ पुरी, संत वीणा पुरी, संत दर्शन पुरी खन्ना, आश्रम के प्रवक्ता महात्मा दिव्यानंद, महात्मा सुखधमार्नद, महात्मा हरदेवानंद, महात्मा रामानंद, महात्मा गोपालानंद, महात्मा अवधेशानंद ने संगत का मार्ग दर्शन किया।

सुरेंद्र मेहला बने थाना मुलाना के प्रभारी

मुलाना। थाना मुलाना के प्रभारी प्रमोद सिंह का तबादला हो गया है। उनके स्थान पर सुरेंद्र मेहला ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने थाना स्टाफ के साथ आवश्यक जानकारी ली और क्षेत्र की कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को लेकर चर्चा की। प्रमोद सिंह ने करीब एक वर्ष तक थाना प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस से संबंधित मामलों में सक्रियता से कार्य किया। नवनियुक्त प्रभारी सुरेंद्र मेहला ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने थाना क्षेत्र के लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

उपायुक्त ने खेल विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दिलवाना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

जिले के 23 शिक्षण संस्थानों व ग्राम पंचायतों के तहत नर्सरियों में 1025 खिलाड़ी पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने खेल विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए जिले में खेल विभाग से संबधित गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी ली। जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि वह खेल नर्सरियों में पंजीकरण खिलाड़ियों के साथ-साथ यहां आने वाले सभी खिलाड़ियों को उनकी खेल रूचि अनुसार प्रशिक्षण दिलवाकर तैयार करे ताकि वह अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढ़ सके और अपने शहर व प्रदेश का नाम रोशन कर सके। उपायुक्त ने जिला खेल अधिकारी निजी व सरकारी खेल नर्सरियों की जानकारी ली। साथ ही पंजीकृत खिलाड़ियों के बारे में पूछा। इसके अलावा खेल नर्सरियों में कोच व सुविधाओं की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि हमें खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दिलवाकर तैयार करवाना है ताकि वह बेहतर प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ सके और अपने शहर, जिला व प्रदेश का नाम रोशन कर सके।

उपायुक्त ने बैठक के क्रम में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि हमें जहां खिलाड़ियों को खेल संबंधी बेहतर उपकरण एवं इन्फ्राच्ट्रक्चर उपलब्ध करवाना है। हर वर्ष सेफ्टी ऑडिट करवाना भी सुनिश्चित करना हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों को जहां तैयार करना है, इसके साथ-साथ जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं भी करवानी है ताकि खिलाड़ी मजबूत हो सकें और आगामी आने वाले खेलों जैसे ओलंपिक, एशियन व अन्य गेमों के लिए तैयार हो सकें। उपायुक्त ने बैठक के दौरान जिले में खेल स्टेडियमों की भी जानकारी ली।

खेल स्टेडियमों में प्रगति की जानकारी ली

उन्होंने यह भी कहा कि सभी खेल स्टेडियमों क्षमता व प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों की भी जानकारी ली। खेल अधिकारी ने बताया कि 23 सरकारी शिक्षण संस्थानों व ग्राम पंचायतों के तहत खेल नर्सरियां हैं। यहां पर 1025 खिलाड़ी पंजीकृत हैं। आयु वर्ग 8 से 14 वर्ष तक के खिलाडियों को 1500 रूपए तथा 15 से 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों को 2 हजार रूपए स्टाईफंड सीधे खिलाड़ियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजे जाते हैं। इसके साथ-साथ सभी खिलाड़ियों की एंट्री व एक्सीट की ऑनलाईन अटेंडेन्स भी ली जाती हैं। उन्होंने बताया कि नए खिलाड़ियों का भी समय समय पर पंजीकरण करवाया जाता हैं। उन्होंने इस दौरान खेल स्टेडियम से संबंधित जो आवश्यक कार्य किए जा रहे है उसकी प्रगति की भी जानकारी दी।